# सामुदायिक सेवा आदेश (CSO) योजना

- सेवा का विवरण

सामुदायिक सेवा आदेश (सीएसओ) एक समुदाय-आधारित सजा का विकल्प है जो सामुदायिक सेवा आदेश अध्यादेश कैप. 378 के अनुसरण में है। एक 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्ति, जिसे जेल की सजा योग्य अपराध(धों) में दोषी ठहराया गया हो, के लिए एक न्यायालय आदेश कर सकता है कि उसे परिवीक्षा अधिकारी (पीओ), जो उस अपराधी को सलाह और मार्गदर्शन भी उपलब्ध करवाएगा, की निगरानी में अवैतनिक कार्य, जो 12 माह की अवधि में 240 घंटों से अधिक नहीं हो, करना अनिवार्य हो जाता है।

- उद्देश्य

सीएसओ के लक्ष्य सुधारात्मक और पुनर्वास दोनों होते हैं। आदेश के अंतर्गत, एक अपराधी को अपने खाली समय को समुदाय की सेवा करने में उस नुक़सान की क्षतिपूर्ति करने में उपयोग करना होता है जो उसने समुदाय को पहुँचाया है। सामुदायिक सेवा और पी ओ (प्रोबेशनरी आफिसर) के मार्गदर्शन द्वारा अपराधी को स्वयं में सुधार करने में सहायता की जाती है। सीएसओ के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:

(a) पुनर्वास – संरचित कार्य/ सर्विस प्लेसमेंट और पीओ के मार्गदर्शन के माध्यम से सीएसओ के अंतर्गत रखे गए अपराधी को नियमों का पालन करने, स्वयं-प्रगति करने में अपनी जिम्मेदारी उठाने, परिप्रेक्ष्य को व्यापक बनाने में, स्वयं के महत्व की समृद्ध भावना विकसित करने, जीवन जीने का एक अधिक रचनात्मक पैटर्न विकसित करने और उसे भविष्य में अपराध की प्रतिबद्धता से दूर करने में मदद की जाती है।

(b) रचनात्मक निपटान – सीएसओ के अंतर्गत रखे गए एक अपराधी को सीएसओ उसकी स्कूली शिक्षा/रोजगार/धार्मिक गतिविधियों में न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ समुदाय में जीवन जारी रखने की अनुमति देता है।

(c) सुधारात्मक – यह सीएसओ के अंतर्गत रखे गए एक अपराधी को समुदाय के लाभ में अवैतनिक कार्यों के योगदान करने का अवसर प्रदान करता है जिसे उसने नुक़सान पहुँचाया है।

- सेवा की प्रकृति

(a) न्यायालयों की सेवा में पीओ (प्रोबेशनरी ऑफिसर) अपराधियों के पुनर्वास पर सजा-पूर्व रिपोर्ट तैयार करते हैं जिनमें प्रोबेशनरी ऑफिसर रिपोर्टें और समुदाय सेवा आदेशों पर अनुरूपता रिपोर्टें शामिल हैं।

(b) सीएसओ के अंतर्गत रखे गए अपराधियों को पीओ वैधानिक निरीक्षण, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और समूह कार्य सेवा प्रदान करेंगे।

(c) सीएसओ के अंतर्गत रखे गए अपराधियों के लिए पीओ अवैतनिक कार्य की व्यवस्था करेंगे जबकि साइट सुपरवाइजर उन्हें कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रकार विभिन्न प्रकार के कार्यों पर तकनीकी निर्देश देने, तत्काल पर्यवेक्षण और व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

- लक्षित समूह

अपराधियों के लक्षित समूह वे हैं जिन्हें -
(a) न्यायालय द्वारा सामाजिक पूछताछ के लिए रेफर किया गया; और

(b) न्यायालय द्वारा सीएसओ के अंतर्गत रखने के आदेश हुए हैं।

- प्रोबेशन और समुदाय सेवा आदेश कार्यालयों की सूची

सात प्रोबेशन और समुदाय सेवा आदेश कार्यालय (PCSO) और उच्च न्यायालय और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट प्रोबेशन ऑफिस (HC&DCPO) सात मजिस्ट्रेट न्यायालयों, जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय (अर्थात कोर्ट आफ फर्स्ट इंस्टांस और कोर्ट अपील) की सेवा कर रहे हैं।

- कार्यालय समय

(सोमवार से शुक्रवार): 8: 45 सुबह से 6:00 शाम
रविवार, शनिवार और सार्वजनिक छुट्टियों में बंद रहता है

- समुदाय सेवा आदेश के समन्वय कार्यालय

समुदाय सेवा आदेशों के लिए एक समन्वय कार्यालय भी है जो समन्वय कार्य परियोजनाओं को चिह्नित करने और सीएसओ के अंतर्गत रखे गए अपराधियों के कार्यस्थल पर प्रदर्शन पर पीओ के साथ में संपर्क करने में PCSO और HC&DCPO की सहायता करता है।

- समुदाय सेवा आदेश कार्यालय के समन्वय कार्यालय का पता और टेलीफोन नंबर

Room 813, 8/F., Sha Tin Government Offices
1 Sheung Wo Che Road, Shatin, New Territories.
Tel No: 21586547
Fax No: 26094178

- कार्यालय समय

(सोमवार से शुक्रवार): 8: 45 सुबह से 6:00 शाम
रविवार, शनिवार और सार्वजनिक छुट्टियों में बंद रहता है

<u>उच्च अदालत और जिला अदालत परिवीक्षा कार्यालय तथा परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों के कार्यालयों की सूची</u>

| परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों के कार्यालय | पता | टेलिफोन नम्बर | फैक्स नम्बर |
|---|---|---|---|
| उच्च अदालत और जिला अदालत परिवीक्षा कार्यालय | Room 335, 3/F, Wan Chai Tower, 12 Harbour Road, Wan Chai, Hong Kong | 2582 4025 | 2582 4017 |
| पूर्वी (ईस्टर्न) परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | Room 1226, 12/F, Eastern Law Courts Building, 29 Tai On Street, Sai Wan Ho, Hong Kong | 2151 8142 | 2572 9214 |
| | Room 1212-1214, 12/F, Eastern Law Courts Building, 29 Tai On Street, Sai Wan Ho, Hong Kong | 2546 7973 | 2975 4613 |
| कौलुन सिटि परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | Room 404, 4/F, Kowloon City Law Courts Building, 147M Argyle Street, Kowloon | 2767 3143 | 2350 6207 |
| | 11/F, To Kwa Wan Government Offices, 165 Ma Tau Wai Road, To Kwa Wan, Kowloon | 2323 4745 | 2775 0548 |
| कुन ठोङ्ग परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | 8/F, Kowloon East Government Offices, 12 Lei Yue Mun Road, Kwun Tong, Kowloon | 3468 2157 | 2775 2027 |
| | 7/F, Kowloon East Government Offices, 12 Lei Yue Mun Road, Kwun Tong, Kowloon | 2727 0151 | 2374 4057 |
| शाटिन परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | Room 801, 8/F, Sha Tin Government Offices, 1 Sheung Wo Che Road, Sha Tin, New Territories | 2158 6711 | 2697 9652 |
| फानलिङ्ग परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | Room 325, 3/F, Fanling Law Courts Building, 1 Pik Fung Road, Fanling, New Territories | 2682 7573 | 2682 2916 |
| | Room 415, 4/F, North District Government Offices, 3 Pik Fung Road, Fanling, New Territories | 3427 3661 | 2682 9351 |
| छिन वान परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | Tower A, 2/F, West Kowloon Law Courts Building, 501 Tung Chau Street, Sham Shui Po, Kowloon | 3467 2332 | 2944 9946 |
| थिन मुन परिवीक्षा और समाज सेवा प्रबन्धों का कार्यालय | 4/F, Tuen Mun Government Offices, 1 Tuen Hi Road, Tuen Mun, New Territories | 2451 3123 | 2404 1161 |